बड़े करुणामयी है सीतापति श्री राम भजन लिरिक्स

बड़े करुणामयी है सीतापति,
ऐसे चर्चे प्रभु के सुने है मैंने,
है दयावान उनसा नही और कोई,
ऐसे चर्चे प्रभु के सुने है मैंने।bd।

गिद्ध को अपने हाथों में लेकर के जब,
आंख से आपने आंसू बहाया किये,
किया निज कर से तारन तरण गिद्ध का,
ऐसे चर्चे प्रभु के सुने है मैंने,
बड़े करुणामयी हैं सीतापति,
ऐसे चर्चे प्रभु के सुने है मैंने।bd।

किया अधरम अहिल्या से जब इंद्र ने,
क्रोध से पति के श्रापित अहिल्या हुई,
छू के चरणों से पावन किया था उसे,
ऐसे चर्चे प्रभु के सुने है मैंने,
बड़े करुणामयी हैं सीतापति,
ऐसे चर्चे प्रभु के सुने है मैंने।bd।

जाति की भीलनी बूढ़ी शबरी के घर,
आप पहुंचे पुजारिन बड़ी खुश हुई,
'राजेंद्र' झूठे ही फल खा उद्धारा उसे,
ऐसे चर्चे प्रभु के सुने है मैंने,
बड़े करुणामयी हैं सीतापति,
ऐसे चर्चे प्रभु के सुने है मैंने।bd।

बड़े करुणामयी है सीतापति,
ऐसे चर्चे प्रभु के सुने है मैंने,
है दयावान उनसा नही और कोई,
ऐसे चर्चे प्रभु के सुने है मैंने।bd।

गायक / प्रेषक – राजेन्द्र प्रसाद सोनी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com